आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 06 अक्तूबर 2024, समय 1810

समाचार

- हरियाणा में मतदान के बाद कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी ने अपनी-अपनी सरकार बनाने का दावा किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि परिणाम आने के बाद स्थिति अनुसार गठबंधन किया का विकल्प खुला रहेगा।
- कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि मुख्यमंत्री का फैसला पार्टी हाईकमान करेगी।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने चौथी पीढ़ी की कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणाली की तीन परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की।
- हरियाणा में सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में 90 मतगणना केंद्र बनाए गए। मतगणना 8 अक्तूबर को होगी।

****************************************************************************

हरियाणा में मतदान के बाद कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी ने अपनी अपनी सरकार बनने का दावा किया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए दावा किया कि उनकी पार्टी प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाएगी। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद रहे।

श्री नायब सिंह सैनी ने इस दौरान, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य वरिष्ठ नेताओं का चुनाव के दौरान मार्गदर्शन करने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान, पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी दिन-रात मेहनत की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का भी आभार जताया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल ने भी मजबूती से चुनाव लड़ा है। परिणाम आने के बाद गठबंधन का विकल्प खुला रहेगा।

****************************************************************************

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव एवं कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने दावा किया है कि उनकी पार्टी 60 से अधिक सीटें हासिल कर जीत दर्ज करेगी और प्रदेश में सरकार बदलने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक बेहतर विकल्प है जो प्रदेश के लोगों को अच्छी सरकार दे सकता है। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस पार्टी प्रदेश में एक महिला और अनुसूचित जाति की मुख्यमंत्री देने का फ़ैसला करेगी।

*********************************************************************

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन- डीआरडीओ ने चौथी पीढ़ी की कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणाली की तीन परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह परीक्षण राजस्थान के पोखरन फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया। इन परीक्षणों में काफी ऊंचाई और गति के साथ लक्ष्य को भेदा गया। रक्षा मंत्रालय ने द्वारा जारी एक वक्तव्य में बताया गया कि इन परीक्षणों में अस्त्र प्रणाली की मारक क्षमता की बार-बार पुष्टि हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण पर,रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और सशस्त्र बलों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नई मिसाइल से,हवाई ख़तरों से निपटने में सशस्त्र बलों को मज़बूती मिलेगी।

*********************************************************************

हरियाणा में सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 90 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि यह मतगणना केंद्र सभी जिलों में स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक जिला मुख्यालय में बने मतगणना केंद्रों पर संबंधित सीटों की मतगणना होगी। पंचकूला में मतगणना केंद्रों में कालका और पंचकूला, अंबाला में बने चार मतगणना केंद्रों में नारायणगढ़, अंबाला छावनी, अंबाला शहर और मुलाना सीट के लिए पड़े मतों की गणना होगी, जबकि यमुनानगर में बने मतगणना केंद्रों पर जिले की चार सीटों पर पड़े वोट गिने जाएंगे। इसी तरह प्रत्येक जिला मुख्यालय पर उस जिले की विधानसभा सीटों के लिए बने मतगणना केंद्रों पर विधानसभा क्षेत्र अनुसार मतों की गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में स्ट्रॉंग रूम भी बनाए गए हैं यहाँ मतदान के बाद ई वी एम मशीनों को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। पंचकूला और कुरुक्षेत्र में दो दो , अंबाला में 4 यमुनानगर में एक , कैथल में तीन और करनाल में 4 स्ट्रॉंग रूम में ई.वी.एम मशीने रखी गई हैं। इसी तरह पानीपत, सोनीपत,फतेहाबाद,भिवानी, झज्जर और नूह में एक एक स्ट्रॉंग रूम बनाया गया है। वहीं जींद में तीन, महेंद्रगढ़, रोहतक, गुड़गाँव में भी 4-4 और पलवल, रेवाड़ी, चरखी दादरी और हिसार में 2-2 स्ट्रॉंग रूम बनाए गए हैं।

श्री अग्रवाल ने कहा कि सभी स्ट्रॉग रूम सी सी टी वी की निगरानी में हैं। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को तीन घेरे की सुरक्षा में रखा गया है। हरियाणा पुलिस और अर्ध सैनिक बल स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा में लगे हैं। उन्होंने बताया कि कल मतदान के बाद ई.वी.एम और वी.वी.पैट मशीनों को स्ट्रॉग रूम में रखा गया और स्ट्रॉग रूम सील कर दिए गए। अब मतगणना के दिन 8 अक्टूबर को ई.वी.एम मतगणना के लिए निकाली जाएंगी।

*************************************************************************

भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ का आयोजन चेन्नई में 72 लड़ाकू जेट और हेलीकॉप्टरों के शानदार प्रदर्शन के साथ शुरू हुआ। इस साल लिम्का रिकॉर्ड बुक में रिकॉर्ड बनाने के लिए सक्षम, सशक्त और आत्मनिर्भर थीम के तहत 15 लाख दर्शकों को आकर्षित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन, उप मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, राज्य के मंत्री और चीफ एयर कमोडोर अमर प्रीत सिंह तथा रक्षा बलों के शीर्ष अधिकारी उपस्थित हुए। मुक्त पतन का प्रदर्शन, आतंकवादियों के आश्रय स्थल को नष्ट करना और उन्हें पकड़ना, तथा विमान कलाबाजियों से आसमान में ईगल और हार्ट के आकार का निर्माण करना विस्मरणीय है। भारतीय तटरक्षक बल इस प्रदर्शन में अपनी भूमिका निभाते हुए पहरा दे रहा है।

*************************************************************************

खड़गा कोर का 53वां स्थापना दिवस आज अम्बाला छावनी में मनाया गया। खड़गा कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने कोर के सभी रैंकों की ओर से वीर नायकों द्वारा मातृभूमि के लिए किए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए "विजय स्मारक" पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपने संबोधन में जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने बताया कि खड़गा कोर का मुख्यालय 6 अक्तूबर, 1971 को पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर में स्थापित किया गया था और 1971 में 'ऑपरेशन कैक्टस लिली' के तुरंत बाद कोर का नामकरण युद्ध के मैदान में दुश्मन के विनाश के प्रतीक मां काली के शस्त्र खड़ग के नाम पर किया गया । जो अपने नाम के अनुरूप रहा और एक नए देश, 'बांग्लादेश' के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि खड़गा कोर,"राष्ट्रीयता की भावना को निभाने" में अहम भूमिका निभाने वाला एक मजबूत युद्ध संगठन है, जिसने प्राकृतिक आपदाओं के दौरान नागरिक प्रशासन को सहायता के हिस्से के रूप में किए गए मानवीय और आपदा राहत कार्यों के अलावा भारतीय सेना के विभिन्न सैन्य अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

*************************************************************************

भिवानी के चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में विद्यार्थी अब बी-फार्मेसी कोर्स में लेटरल एंट्री के तहत द्वितीय वर्ष में दाखिले के लिए रिक्त पांच सीटों पर कल तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के अध्यक्ष प्रो. नितिन बंसल ने बताया कि आवेदन फ़ॉर्म विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.cblu.ac.in पर उपलब्ध हैं। दाखिले के लिए सामान्य श्रेणी के लिए आवेदन शुल्क 800 रूपये और आरक्षित श्रेणियों के लिए आवेदन शुल्क 200 रूपये है। इस पांच रिक्त सीटों में 2 हरियाणा ओपन सामान्य श्रेणी के लिए हैं जबकि दो अनुसूचित जाति और एक सीट पिछड़ी जाति के लिए आरक्षित है।

*************************************************************************